Title : Need to provide BSNL SIM cards to waitlisted people in all the district headquarters of Chhattisgarh.

श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ तथा मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव कवर्धा जिले में दूरसंचार विभाग, बी.एस.एन.एल. द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सिमकार्ड की समस्या की ओर संचार मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं। वहां लम्बी प्रतीक्षा सूची में लोगों ने अपने आवेदन दिए हुए हैं। पूरे छत्तीसगढ़ के सभी मुख्यालयों में तथा तहसील मुख्यालयों में इस योजना को पहुंचाने का लक्ष्य है। लेकिन यह योजना जिला मुख्यालयों तक तो किसी हद तक पहुंची है, लेकिन तहसील मुख्यालयों में बी.एस.एन.एल. के सिमकार्ड की मांग बहुत तेजी के साथ उभरी है। हजारों की संख्या में लोगों के आवेदन लम्बित पड़े हैं। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि वहां वेटिंग लिस्ट समाप्त की जाए और छत्तीसगढ़ के तमाम उपभोक्ता जो बी.एस.एन.एल. सिमकार्ड की मांग 6-6, 8-8 महीनों और सालों से कर रहे हैं तथा जो लम्बी वेटिंग लिस्ट में हैं, उन्हें त्वरित गति से बी.एस.एन.एल. के सिमकार्ड्स उपलब्ध कराये जाएं, यही आपसे अपेक्षा है।